Dainik Bhaskar (Indore), 31st May 2026, Page- 08

आईआईटी को मिल सकेगी 1.5 करोड़ की फंडिंग, आवेदन बुलाए

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी इंदौर के इनक्यूबेशन सेंटर दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन द्वारा देशभर में मेडिकल डिवाइस बनाने वाले स्टार्टअप प्रोजेक्ट को 1.5 करोड़ रुपए तक की फंडिंग के आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया है। आखिरी तारीख 31 जुलाई है। यह मुख्य रूप से मेडिकल उपकरण, स्मार्ट हेल्थकेयर सिस्टम, पहनने योग्य उपकरण और निरंतर निगरानी के लिए बनी तकनीक पर काम करेगी। साथ ही अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाले सेंसर, मरीज का डेटा प्राप्त करने वाली टेक्नोलॉजी और पॉइंट ऑफ केयर डायग्नोस्टिक सेवाओं से जुड़े प्रोजेक्ट को भी इसमें चुना जाएगा।

इनमें वह प्रोजेक्ट और स्टार्टअप शामिल हो सकते हैं, जिनका प्रोटोटाइप तैयार है और टीआरएल 6 से 7 के बीच है। लैब टू मार्केट प्रोग्राम के लिए दृष्टि फाउंडेशन को हर साल भारत सरकार से ग्रांट मिलती है, जिसे एक तय समय सीमा में इस्तेमाल करना होता है।

इस प्रोग्राम में चयनित होने वाले स्टार्टअप या प्रोजेक्ट को न सिर्फ फंडिंग में सहायता मिलेगी, बल्कि उनकी टेक्नोलॉजी के आईपी फाइलिंग, लाइसेंसिंग और व्यवसायीकरण में भी मदद प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही प्रोजेक्ट में इंजीनियर, यूजी, पीजी और पीएचडी फेलो को तलाशने और नियुक्त करने में भी मदद प्रदान की जाएगी।